शहर >> अपडेट

### ट्रायल संपन्न

**रांची:** अंडर-17 सब जूनियर राष्ट्रीय बालिका एवं बालक कुश्ती प्रतियोगिता के लिए झारखंड सब जूनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सह टीम चयन गुरुवार को गणपत राय इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में किया गया। चयन ट्रायल में पूरे जिले से 130 कुश्ती खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 20 बालक वर्ग और 10 बालिका वर्ग के खिलाड़ी चयनित हुए। 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक उत्तर प्रदेश के नंदिनी नगर गोंडा में आयोजित अंडर-17 सब जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में सभी चयनित खिलाड़ी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

लापरवाही

## एलएनटी ने मेन पाइप लाइन को किया क्षतिग्रस्त

# दस हजार घरों में चार दिनों से पेयजल पर आफत

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** एलएनटी कंपनी पटेल चौक स्थित लोहरदगा गेट के पास निर्माण कार्य कर रही है। एलिवेटेड रोड के लिए पाइलिंग किया जा रहा था। इस बीच पानी का मेन पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिससे कि हजारों लीटर पानी बेकार में बह रहा है। वहीं 4 दिन से 10,000 घरों को पानी नहीं मिल पाया। स्थिति यह है कि लोगों के पास दैनिक कार्यों को पूरा करने के लिए पानी उपलब्ध नहीं है। किसी तरह पानी खरीद कर वे अपना काम निपटाने को मजबूर हैं। वहीं रोजा रखने वालों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इसकी सूचना वार्ड पार्षद 24 विजयलक्ष्मी सोनी ने एलएनटी के वरीय अधिकारियों को भी दी लेकिन उन्होंने भी रिपेयरिंग में कोई इंटरेस्ट नहीं दिखाया। निगम के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब लोग सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। अगर जल्द ही पानी की सप्लाई को दुरुस्त नहीं किया जाता है तो लोग सड़कों पर आंदोलन करेंगे।उन्होंने कहा यह शहर का कैसा विकास है जो जनता को पानी के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा



कि यह शहर का कैसा विकास है जहां लोगों को पानी ही नहीं मिल रहा। कडरू, अरगोड़ा बस्ती, सरना टोली, लोहरा कोचा,ओल्ड एजी कॉलोनी, अशोक नगर, न्यू एजी कॉलोनी, अशोक विहार, अरगोड़ा चौक की जनता पूरी तरह से पानी को लेकर त्रस्त हैं।

आरआरआर फ्रेंड्स का मिलन समारोह

## 48 साल बाद मिले सहपाठी, खिल उठे सबके चेहरे

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** करीब 48 साल बाद जब सभी सहपाठी एक बार फिर मिले तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। सभी एक-दूसरे से मिल रहे थे, बीते दिनों को याद कर रहे थे। सभी के चेहरे बदल गए थे। पर जज्बा वही पुराना था। रातू रोड के एक रेस्टोरेंट में उन सभी के लिए सोमवार का दिन खास था। जी हां रातू रोड स्थित गौरीदत्त मंडेलिया स्कूल के 1974 बैच के 20 सहपाठी कई दशकों बाद मिले। इन लोगों ने इस ग्रुप का नाम आर।आर।आर फ्रेंड्स दिया है। ग्रुप के सदस्य विभिन्न मुकामों में काम कर सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सभी के अपनी उपलब्धियों और अनुभव को साझा किया। जो बहुत ही रोचक था। ग्रुप के कुछ साथी जो बिछड़ गए उनके लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उन्हें याद किया।कैलाश सिंह देव, धीरज श्रीवास्तव, वनी पटनायक, दिलीप ठाकुर, अजय सहाय ने बताया कि बहुत दिनों बाद मिलकर हमलोग बहुत खुश हुए। ऐसा लगा कि जैसे हम सभी अपने बचपन के दिनों में लौट आए हैं। पुरानी बातों को याद कर हम बहुत हंसे और मजा किया। सभी इस वादे के साथ विदा हुए कि हम फिर मिलेंगे।

# झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति से केंद्र सरकार नाराज

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृत 215241 में से 53 फीसदी ही आवास कंप्लीट हुए हैं। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने झारखंड में योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई है। केंद्र ने कहा है कि राज्य सरकार ने बचे हुए स्वीकृत आवासों को कंप्लीट करने के लिए 848 करोड़ रुपये मांगे हैं, जबकि योजना के तहत पहले से आवंटित की गई राशि में से 433।74 करोड़ रुपये राज्य सरकार ने खर्च नहीं किया है। वहीं 153.61 करोड़ रुपये के उपयोगिता प्रमाण पत्र भी राज्य ने केंद्र को नहीं दिया है। राज्य को जल्द से जल्द इसे क्लीयर करना चाहिए। केंद्र सरकार ने समीक्षा में पाया है कि झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति काफी धीमी है। इसके लिए राज्य सरकार को रणनीति तैयार कर बचे हुए स्वीकृत आवासों को कंप्लीट करने का निर्देश दिया गया है।झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत स्वीकृत 215241 आवास में से अबतक सिर्फ 100993 (53 फीसदी) आवास ही बने हैं। इनमें से 99382 घरों में लाभुक शिफ्ट कर चुके हैं। बाकी के मकान निर्माण के विभिन्न स्टेज पर हैं। इस बीच केंद्र सरकार ने झारखंड के 29 नगर निकायों के लिए 5618 नये आवास की स्वीकृति दी है। सबसे अधिक आवास 965 आवास हजारीबाग नगर निगम और सबसे कम 3 आवास जुगसलाई नगर निगम के लिए स्वीकृत हुए हैं। स्वीकृत सभी आवास बीएलसी कंपोनेंट के हैं। आवास निर्माण में केंद्र सरकार 8427 करोड़ रुपये और राज्य सरकार 4213 रुपये देगी।केंद्र सरकार से मिले निर्देश के बाद झारखंड नगर विकास विभाग के अधिकारी रेस हो गये हैं। नगर विकास सचिव ने 11 अप्रैल को सभी नगर निकायों के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे मकानों को कंप्लीट करवाने का निर्देश दिया है। वहीं नगरीय प्रशासन निदेशालय सोमवार को सभी निकायों में आवास योजना की समीक्षा करेगा और निकायों को अधिकारियों को युद्ध स्तर पर आवास कंप्लीट करने का निर्देश देगा।बीएलसी घटक के तहत झारखंड में 182540 आवास स्वीकृत हुए हैं। इसमें 99102 आवास कंप्लीट हो चुके हैं। 10712 मकानों का काम अबतक शुरू नहीं हुआ है, जबकि 99102 लाभुकों का कब्जा आवास पर दिलवा दिया गया है। एएचपी घटक के तहत 32701 आवास स्वीकृत हुए थे। इनमें से सिर्फ 1891 कंप्लीट हुए हैं। 19019 मकानों का काम चल रहा है, जबकि अभी 13682 का काम शुरू नहीं हुआ है।


## न्यूज फटाफट

### जिला शिक्षा अधीक्षक ने पूछा कारण बताओ नोटिस

**रांची :**झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की ओर से ये कहा गया था कि रांची जिले के सारे प्रखंड के शत-प्रतिशत स्कूलों में अंकेक्षण कार्य करना है लेकिन, जिले में 2127 स्कूलों में से 1143 स्कूल यानी 54 प्रतिशत स्कूलों का ही अंकेक्षण कार्य पूरा किया गया। जिसे गंभीरता से लेते हुए रांची के जिला शिक्षा अधीक्षक सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व अवर विद्यालय निरीक्षक रांची 1 व 2 को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसका खुलासा विगत 10 अप्रैल को हुए विभागीय समीक्षा बैठक में हुई है। उन्होंने पूछा है कि प्रखंड के विद्यालयों में शत प्रतिशत वैधानिक अंकेक्षण करने का आदेश दिये जाने के बावजूद शत प्रतिशत का आंकड़ा नहीं हो पाया। उन्होने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से एक सप्ताह के भीतर कारण बताओ नोटिस का जवाब मांगा है।अंकेक्षण दल का नेतृत्व कर रहे विजय कुमार समेत चार अंकेक्षक सदस्यों से स्पष्ट तौर पर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। उन्हें कहा गया है कि अंकेक्षण कार्य में रूचि नहीं लेने वालों के बारे में भी जानकारी मांगी गयी है। अंकेक्षण कार्य 24 जनवरी से शुरू हुई थी जो 17 मार्च तक चला था।रांची जिले के कई ऐसे प्रखंड हैं जहां अंकेक्षण का आंकड़ा 50 से ऊपर है। इनमें तमाड़, राहे, सिल्ली, लापूंग, इटकी, ओ?माझी, नगड़ी, चान्हो, रातू व अनगड़ा शामिल है। वहीं, कई ऐसे भी प्रखंड हैं जहां अंकेक्षण का आंकड़ा 30 या उससे कम है।

### निजी स्कूल नए-नए हथकंडे अपनाकर अभिभावकों से वसूल रहे मोटी फीस

**रांची:** निजी स्कूल संचालक अभिभावकों से पैसे वसूलने के लिए नए हथकंडे अपना रहे हैं। आज के समय बच्चों का भविष्य बनाने में स्कूल अहम भूमिका निभाते हैं। अभिभावक अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। वहीं प्राइवेट स्कूल संचालकों के लिए शिक्षा बिजनेस का खुला मार्केट बन चुका है। अलग-अलग तरीकों से पेरेंट्स से पैसे निकलवाए जा रहे हैं। न्यू सेशन को लेकर कॉपी-किताब और यूनिफॉर्म की मार झेल रहे पेरेंट्स से अब एक्टिविटी और स्मार्ट बोर्ड के नाम पर पैसे वसूले जा रहे हैं।हर महीने स्कूलों में कोई न कोई फंक्शन, कॉम्पटीशन या अन्य कोई इवेंट होते हैं, जिसमें पेरेंट्स से चार्ज के रूप में बच्चों को पैसे लाने को कहा जाता है। लगभग सभी स्कूलों की यही कहानी है। इसे लेकर जानिए क्या कहते है रांची के अभिभावक और स्कूल के प्रिंसिपल।स्कूल का नाम न बताने की शर्त पर अशोक नगर की रहने वाली रीमा सिंह ने कहा कि उनकी बेटी कक्षा चौथी और बेटा कक्षा एक में गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल छोटी क्लास के बच्चों की एक्टिविटी के नाम पर बहुत खर्च करवाते हैं। क्लास 4 में बेटी को फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन में फेयरी बनना था, 500 रुपए के अलावा घर से शूज, एक्सेसरीज समेत कई चीजों के लिए मार्केट में भटकना पड़ा। 500 रुपए के अलावा करीब एक हजार रुपए और खर्च हो गए। वहीं बेटे को भी एक प्रतियागिता में शामिल होना था, उसके लिए भी विभिन्न सामानों में करीब एक हजार रुपए खर्च हो गए। सिर्फ एक्टिविटीज के नाम पर सालाना पांच से सात हजार रुपए खर्च हो जा रहे हैं। स्कूल को इसके बारे में विचार करना चाहिए।रातू रोड के रहने वाले रमेश सिंह ने कहा कि आजकल स्कूल मैनेजमेंट अलग-अलग एक्टिविटीज के नाम पर ज्यादा खर्च करवा रहे हैं। स्कूल का नाम न बताते हुए उन्होंने कहा कि मेरा बेटा कक्षा दूसरी का छात्र है। उसके स्कूल में फूड एक्टिविटी हुई। बच्चों को दो दिन पहले बताया गया कि कोई एक फूड उसे बनाना है, और इसका सारा सामान घर से लेकर आना है।

## शहर >> अपडेट

### कार्यसमिति व परिचयात्मक बैठक सम्पन्न

**बेरमो :** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय कार्यालय ढोरी खास में कार्यसमिति व परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संगठनात्मक विस्तार को लेकर चर्चा की गई। रवींद्र मिश्रा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक गैर राजनीतिक ट्रेड यूनियन है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने का लिया निर्णय

**बेरमो /फुसरो :** भीम आर्मी भारत एकता मिशन बोकारो जिला कमेटी की बैठक बुधवार को ढोरी ग्रांउड के समीप में हुई। बैठक की अध्यक्षता भीम आर्मी जिला अध्यक्ष गोवर्धन रविदास ने किया। बैठक में सभी वक्ताओं ने 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। भीम आर्मी जिला अध्यक्ष गोवर्धन रविदास ने बताया कि भारतीय संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती पर धम्म यात्रा निकाला जायेगा। यह यात्रा फुसरो नगर परिषद कार्यालय ग्राउण्ड से आरम्भ होकर फुसरो बाजार होते हुए पुराना बीडीओ ऑफिस ढोरी तक जायगी। यात्रा में शामिल अतिथियों द्वारा बाबा साहब भीम राम अम्बेडकर की प्रस्तावित चित्र पर फुल माला चढ़ाकर व सभा का आयोजन होगी। इस यात्रा में बैनर झंडा लिये लोग वाहन एवं सैकडो लोग पैदल यात्रा करेगें। कहा कि भीम आर्मी बोकारो जिला एवं कई बहुजन संगठन के ज्यादा से ज्यादा लोग उस कार्यक्रम में शामिल होगें। बैठक मे मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मेंघू दीगार व ललन राम, फुसरो नगर अध्यक्ष नकुल रविदास, सचिव बिट्टू कुमार घांसी, शैलेश कुमार घांसी, राज कुमार नायक, राहुल राय, मंगला घॉसी, अजय करमाली, रिंकू भुईया आदि लोग मौजुद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बकाया राशि मांगने पर दुकानदार से हाथापाई

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के स्थानीय केदला पंद्रह नंबर बैंक ऑफ इंडिया के समक्ष सब्जी दुकान संचालक तरुण गुप्ता (45) एवं सब्जी ग्राहक दीपक उरांव (22) पिता विजय उरांव (सीसीएल कर्मचारी, झारखंड उत्खनन परियोजना) के बीच हाथापाई का मामला प्रकाश में आया है। घटना बुधवार रात्रि 8:30 बजे की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्राहक सब्जी खरीदने आया था। इसी दौरान दुकान संचालक ने तीन वर्षो से बकाया 20,000 राशि ग्राहक को भुगतान करने को कहा और बात बढ़ गई। तरुण गुप्ता ने ओपी में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने का मांग की है।

### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर उड़ गई हवा में, बाल बाल बचे कार सवार

**पतरातू :** भुरकुंडा से पतरातू की ओर आ रही कार अनियंत्रित हो कर पलट गई और पतरातू रेलवे कोयला साइडिंग के मुख्य द्वार के सामने गढ़े में जा गिरी। प्रत्यक्ष दर्शी लोगो का कहना है कि कार बहुत ही तेज रफ्तार से आ रही थी। पेट्रोल पंप के आगे चढ़ाई में कार अनियंत्रित होकर ऊपर उड़ गई फिर सड़क किनारे गढ़े में जा गिरी।

### अलारगो बी एड कॉलेज परिसर में आदमकद प्रतिमा हेतु किया गया भूमि पूजन

**बेरमो :** चन्द्रपुरा के अलारगो स्थित बी एड कॉलेज प्रांगण में बुधवार को शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो के समाधि स्थल एवं आदमकद प्रतिमा स्थापित करने को लेकर उनके पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। मौके पर उपस्थित राज्य के दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार, मिथलेश महतो डुमरी उप प्रमुख बबलू महतो, गणेश महतो सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

**रोड शो** ममता देवी का जेल से निकलने पर हुआ रोड शो, स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

# मैं जनता का काम करती रहूंगी : ममता देवी

- रोड शो में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल थी
- सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं रामगढ़ की जनता उपस्थित रहे

**राष्ट्रीय खबर**



**रामगढ़ :** पूर्व विधायक ममता देवी जेल से जमानत पर छूटने के बाद रामगढ़ शहर में रोड शो, स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने लोगों का अभिनंदन स्वीकार किया। रोड शो में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल थी। रोड शो की शुरूआत पटेल चौक रामगढ़ से सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पूर्व विधायक ममता देवी और विधायक अंबा प्रसाद रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान कांग्रेस नेता अमित कुमार महतो के साथ खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिनंदन स्वीकार करते हुए चल रही थी।

कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सहित आम लोग ममता देवी का गर्मजोशी के साथ स्वागत कर रहे थे। सुभाष चौक मेन रोड़ रामगढ़ होते हुए गांधी चौक में स्वागत के बाद चट्टी बाजार होते हुए बाजार टांड से शहर के विभिन्न क्षेत्र से होते हुए गोला के बरियातू बाजार टांड में सभा समाप्त किया गया।

स्वागत अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, अमित महतो, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत सिंह बेदी ,प्रदेश के सचिव सी पी संतन, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी, जिला प्रवक्ता मुकेश यादव संजय साव, बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी राजकुमार यादव ,जवाहर बाल मंच के स्टेट कोऑर्डिनेटर तारिक अनवर, वीरेंद्र नारायण सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रियाज अंसारी, महिला अध्यक्ष अनू विश्वकर्मा, रूपेंद्र महतो, गौरी शंकर महतो, राम विनय महतो, संतोष सोनी, अनिल नायक, आसिफ इकबाल, मंजू जोशी जगतपाल प्रसाद शहजाद खान, कमलेश महतो, समशुद खान, गगन करमाली, संतोष सोनी, राजन करमाली, आजाद सिंह, टिंकू खान समीर खान ,राजू राम ,पिंटू अंसारी, मुकेश कुमार ,अमित कुमार महतो सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं रामगढ़ की जनता उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता बोकारो स्टील प्लांट के सेल के चेयरमैन से मिले



**बेरमो :** भाजपा नेता विक्रम पांडेय ने सेल के नव-नियुक्त चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश से उनके बोकारो स्टील प्लांट स्थित कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें इस उपलब्धि हेतु पारम्परिक आदिवासी अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर बधाई व शुभकामनाएं दिया। साथ ही आशा व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में सेल प्रबंधन का विकास होगा तथा मजदूर हितों का भी ध्यान रखा जाएगा।

### कई गणमान्य लोगों ने दिवंगत जगन्नाथ महतों के परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट किया



**बेरमो :** गुरुवार को स्वर्गीय जगरनाथ महतो जी के परिवार से कई गणमान्य लोगों ने मिलकर संवेदना प्रकट किया तथा इस दु:ख की घड़ी में परिवार के साथ है.। कहा कि जगरनाथ जी का असमय जाना राज्य के लिए काफी नुकसान देय है। उनके पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू, भाई बैजनाथ महतो तथा परिवार के अन्य सदस्यों से मिले।? इस अवसर पर श्रमिक नेता गिरजा शंकर पांडेय, भाजपा नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, श्रमिक नेता ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह और ओम शंकर सिंह, सुनील सिंह, पत्रकार राकेश वर्मा और नंदलाल सिंह आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## तानाशाही पर उतरी हेमन्त सरकार : गिरिजा देवी



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** हेमन्त सरकार के अमानवीय जुल्म और राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, कोयले और बालू की कालाबाजारी असफल प्रशासनिक व्यवस्था के खिलाफ भाजपा के द्वारा आहूत सचिवालय घेराव में बर्बरता और द्वेषपूर्ण कार्यवाई के विरोध मे काला दिवस तथा हेमन्त सरकार का पुतला दहन कार्यक्रम बेरमो प्रखंड भाजपा अध्यक्ष संजय प्रसाद के नेतृत्व मे बोकारो थर्मल में किया गया। इस कार्यक्रम में बोकारो भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा गिरजा देवी ने कहा कि इस आंदोलन से हेमंत सोरेन की सरकार घबरा गयी है। शांतिपूर्ण आंदोलन पर लाठी चार्ज किया गया। आंसू गैस के गोले छोड़े गए। पानी बरसाया गया। असल बात तो यह है कि हेमंत सोरेन सरकार ही इस आंदोलन से नींव हिल गयी है। आज भाजपा के कार्यकताओं पर जो अत्याचार हुए हैं, वो सरकार के इशारे पर हुआ। भाजपा इसका विरोध करती है। कल यानी बुधवार को प्रदेश भाजपा काला दिवस मनाएगी। इस अवसर पर विनय सिंह, ओमप्रकाश सिंह, श्रवण सिंह, विश्वनाथ यादव ,चन्द्रप्रकाश सिंह, मनोज तिवारी ,प्रदीप साव, उमेश प्रसाद आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# ईद को लेकर बाजारों में जमकर हो रही खरीदारी



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /फुसरो :** मुसलमानों के सबसे बडे. त्योहार ईद-उल-फितर में 9 या 10 दिन ही बाकी हैं। ऐसे में घर-घर में ईद की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के फुसरो बाजार में ईद की रौनक नजर आ रही है। बाजार की अधिक दुकान पर ग्राहकों की भीड लगी नजर आ रही है। वस्त्र जैसे चीजों की कीमतों पर महंगाई की मार पड़ी है, लेकिन महंगाई पर आस्था भारी पड़ रही है। इसलिए बाजार में खरीदारों की भीड़ कम नहीं दिख रही है। ईद का त्योहार चांद देखने के बाद ही मनाया जाता है। इस्लाम में ईद के त्योहार की बहुत अहमियत है, क्योंकि इस महीने में रोजे रखे जाते हैं। इसे बरकतों का महीना कहा गया है। इस्लाम धर्म के मानने वालों का कहना है कि रमजान में जो एक रुपये खर्च करता है अल्लाह उसको 70 गुणा देता है।अधिक सवाब मिलने की वजह से माह रमजान में लोग खुलकर खर्च करते हैं। लोग अपने परिवार के लिये कपडे, जूते, इतर आदि सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानों पर महिलाओं की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा सकती है। दुकानदारों का कहना भले ही महंगाई बढ़ी है लेकिन उसके बावजूद लोग जमकर ईद की खरीददारी कर रहे हैं। दुकानदार मंजुर हुसैन उर्फ जीया, मो इलियास व मो फैजान का कहना है कि पिछली साल की अपेक्षा इस बार खरीददारी ज्यादा हो रही है। हालांकि महंगाई की वजह से लोग बच्चों और अपने लिये जरूरत के मुताबिक सामान खरीद रहे हैं।

### तेनुघाट अधिवक्ता संध ने आयोजित किया शोक सभा का आयोजन



**तेनुघाट :** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ के सदस्य अनादि कुमार दे के निधन पर बोकारो प्रधान जिला जज रंजना अस्थाना ने शोक सभा को संबोधित करते हुए कहा अनादि कुमार दे जो वर्ष 1987 से वकालत शुरू की वह लगभग 64 वर्ष की आयु के थे। उनके निधन से सभी मर्माहत है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उससे पूर्व अधिवक्ता संघ भवन संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में शोक सभा की गई। शोक सभा को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि दिवंगत अनादि कुमार दे बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व थे। वे सभी से सुख दुख में मिलते रहते थे । पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। जिनका मुंबई में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान मुंबई में ही उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे अपनी पत्नी, एक पुत्र, एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं । संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने बताया कि संघ के सदस्य अनादि कुमार दे के निधन पर गुरुवार को संघ के सदस्य अपने आप को न्यायिक कार्यों से अलग रखा है। दिवंगत अनादि कुमार दे का दाह संस्कार मुंबई में उनके पुत्र के द्वारा किया गया। उनके परिवार के तेनुघाट आने के बाद संघ के द्वारा उन्हें आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। शोक सभा में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम राजेश कुमार सिन्हा, कुटुंब न्यायालय राजीव रंजन, जिला जज द्वितीय अनिल कुमार, मोहितोष चक्रवर्ती, अरुण कुमार सिन्हा,सिद्धेश्वर महतो, प्रताप कुमार दे, संजय कुमार दे सहित संघ के अधिवक्ता मौजूद थे।

## जालियावाला बाग हत्याकांड के शहीदों के याद में माकपा ने किया श्रद्धांजलि सभा



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** अप्रैल को जारंगडीह स्थित सीटू कार्यालय में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ( मार्क्सवादी ) ने जालियांवाला बाग हत्याकांड के शहिदों के याद मे श्रधांजलि सभा का किया। इस सभा की अध्यक्षता श्याम बिहारी सिंह दिनकर द्वारा किया गया ।सभा का आरंभ शहीदों के चित्र पर सर्वप्रथम माकपा राज्य सचिवमंडल सदस्य रामचंद्र ठाकुर , जिला सचिव भागीरथ शर्मा , जिला सचिव मंडल सदस्य श्याबिहारी सिंह दिनकर , बेरमो लोकल कमिटी सचिव मनोज पासवान सहित उपस्थित माकपा कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर रामचंद्र ठाकुर ने कहा कि जिस रौलेट एक्ट के विरोध में जालियां वाला में हजारों भारतीयों ने जान दी आज आजाद भारत के मोदी शासन में भी उससे खतरनाक कानून के तहत हजारों लेखक , पत्रकार जेलों में बंद हैं। अंग्रेजों के शासन और मोदी के शासन की तुलना की जाये तो कोई अंतर नजर नहीं आता सिवाय इसके कि अंग्रेज विदेशी थे और मोदी भारतीय हैं। उन्होंने कहा 5 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान सभा और खेत मजदूर युनियन ने लाखो की संख्या में रैली के माध्यम से नारा दिया है कि मोदी हटाओ , देश बचाओ । इस नारे को साकार करने की जिम्मेदारी मजदूर , किसान , खेत मजदूर सहित आम जनो को लेना होगा। वहीं भागीरथ शर्मा ने कहा जालियां वाला बाग हत्याकांड कांड सहित मुक्ति संग्राम के तमाम शहिदों का लहू तबतक अपना लालीमा नहीं खोयेगा जबतक भारत की धरती से असमानता की समाप्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संविधान बचाना जरूरी है तभी हम देश बचा पायेंगे। कहा लाल झंडा आजादी के संघर्षों का सबसे विश्वसनीय बारिश है। लाल झंडा किसी भी कीमत पर आजादी के मुल्यों का , संविधान की रक्षा करेगा। उन्होंने वर्तमान केंद्र सरकार के जनविरोधी नीतियों को देखते हुए कहा कि अगर यह कहा जाय कि मोदी जी की नेतृत्व वाली सरकार अंग्रेजी हुकूमत की बारिश जैसी काम कर रही है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

## गोला थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही है अवैध बालू की ढुलाई



**राष्ट्रीय खबर**

**गोला :** थाना क्षेत्र के दामोदर नदी के परसाडीह एवं गंधोनिया सहित विभिन्न घाटों से इन दिनों सरकार के रोक के बावजूद बालू का अवैध खनन कर माफियाओं द्वारा धडल्ले से ढुलाई किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस कार्य को संचालित करने के लिए माफियाओं की मिलीभगत स्थानीय प्रशासन से है। इसलिए जिस ट्रैक्टर का नंबर माफियाओं द्वारा स्थानीय पुलिस को दिया जाता है, उसे नहीं पकड़ा जाता है। जबकि जिस गाड़ी की सेटिंग नहीं होती हैं, पुलिस उसे पकड़ कर अपनी सक्रियता दिखाती है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रति ट्रैक्टर सेटिंग के नाम पर एक निश्चित राशि का चढ़ावा मासिक दिया जाता है। इसके बाद ही वह गाड़ी आसानी से निकल जाता है। माफियाओं द्वारा बालू का रेट एक ट्रैक्टर की कीमत 3500 से लेकर 5000 हजार तक वसूली जाती है। यह गोरखधंधा रात 2 बजे से लेकर दिनभर धड़ल्ले से जारी रहता है। बालू अनलोड करने के बाद ट्रैक्टर को इतनी तेज गति से भगाया जाता है कि घनी आबादी के बीच हमेशा दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। इसकी धर-पकड़ के लिए टास्क फोर्स का गठन डीसी द्वारा किया गया है, लेकिन वह भी सिर्फ खानापूर्ति तक ही सीमित है।

### सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए ममता देवी के स्वागत समारोह में

**दुलमी :** दुलमी प्रखंड के दुलमी बाजार टांड में बीस सुत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में एकत्रित होकर काँग्रेस के सैंकडों कार्यकर्ता पुर्व विधायक ममता देवी के स्वागत में पटेल चौक रामगढ़ रवाना हुए। मौके पर पुर्व मुखिया हरिवंश महतो, छोटू गझू, प्रदीप सिंह, महेंद्र ओहदार, हेमलाल महतो, राजकुमार महतो, विकास कुमार, रामप्रसाद महतो, सपुत कुमार, उतम कुमार, रविकांत महतो, सिकेन्दर महतो, विनोद महतो, बैजनाथ महतो, विकास कुमार, युगल किशोर महतो, सुभाष कुमार, सीताराम महतो, हेमंत महतो, कालीचारण महतो, जाहिर अंसारी, महताब अंसारी, मोहित पटेल, पप्पू महतो, सपुत कुमार, प्रदीप महतो, विरेन्द्र महतो, कलिम अंसारी, पवन महतो, मदन नायक, मुकेश कुमार, लिलेश्वर महतो, देवेन्द्र कुमार, रामप्रसाद करमाली, मुखलाल महतो, रामघृत महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्यों ने कल्याणकारी योजनाओं का किया निरीक्षण



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य रंजीत पांडेय एवं सतीश सिन्हा के नेतृत्व में सीसीएल हजारीबाग कमांड क्षेत्र के कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण बुधवार को हुआ। इसमें जल आपूर्ति, क्वार्टर की मरम्मत, मेडिकल सुविधा आदि को लेकर केदला ओपन कास्ट प्रोजेक्ट, झारखंड उत्खनन परियोजना, केदला भूगर्भ परियोजना सहित अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सदस्यों ने जल आपूर्ति के विषय पर असंतोष व्यक्त किए। वहीं झारखंड पंद्रह नंबर क्वार्टर की स्थिति को देखते हुए झारखण्ड उत्खनन परियोजना पदाधिकारी को इसे गंभीरता से लेने को कहा। साथ ही एंबुलेंस एवं मेडिकल संबंधी सुविधा को शुगम व सहज बनाने के लिए सलाह दिए। इस मौके पर झारखण्ड उत्खनन परियोजना पीओ बीके साहू, केदला भू गर्भ परियोजना पीओ ओ.पी. प्रसाद, पल्लव चक्रवर्ती, दुबे पटेल, वरुण कुमार, रवि कुमार, एरिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्य मदन महतो, खुशीलाल महतो, रामबली चौहान, राजेंद्र प्रसाद सिंह, किशुन महतो, संतोष ठाकुर, बलभद्र दास , राजकुमार साव, रामप्रसाद रजवार, संजय धोबी, सत्येंद्र महतो, प्रभात कुमार राम एवं अन्यगण मौजूद थे।

**कारोबार** झारखंड पश्चिम बंगाल सीमा क्षेत्र में हो रहा है कोयला का अवैध कारोबार

# साइकिल और बाइक से ढोया जा रहा है अवैध कोयला

- रजरप्पा के बंद खदानों से कोयला चोरी
- अवैध कारोबार में लगे तस्कर प्रत्येक दिन लाखो कमा रहे है

**राष्ट्रीय खबर**



**बरलंगा :** झारखण्ड बंगाल सीमा क्षेत्र के डाकागाढ़ा के समीप कोयला का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सीसीएल रजरप्पा के बंद खदानों से प्रत्येक दिन साइकिल और बाइक से अवैध कोयला ढोया जा रहा है। इस कोयला को सीमा क्षेत्र में जमा कर ट्रकों के माध्यम से बंगाल के बड़े शहरों में भेजा जा रहा है। क्षेत्र में अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का पुलिस प्रशासन का प्रयास अबतक विफल साबित हुआ है। हालांकि पुलिस प्रशासन कोयला के अवैध कारोबार पर चुप्पी साधते हुए कहती है कि मेरे क्षेत्र में यह कारोबार पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इस अवैध कारोबार में लगे तस्कर प्रत्येक दिन लाखो कमा रहे है।

वही सरकार को राजस्व का भारी क्षति हो रही है। बताया जाता है कि सीमा क्षेत्र का फायदा कोयला तस्कर उठा रहे है। तस्करी में माहिर खिलाड़ी माने जाने वाले का ठसक इन दिनों काफी बढ़ गया है। सेकड़ों वाहन लगे हैं कोयला ढोने के काम में, हर दिन एक जैसे हालात बताया जाता है कि रजरप्पा क्षेत्र से चुराया गया कोयला को दोपहिया और साइकिल के माध्यम से भेड़ा नदी पार कर गोला थाना क्षेत्र के बंदा, मुरपा, कोराम्बे, सुतरी, रोला, मगनपुर होते हुए पश्चिम बंगाल के सीमा क्षेत्र में जाता है।

बरलंगा थाना होते हुए 24 घंटे अनगिनत बाइकों से कोयला उक्त जगह में जाता है। वहां से होते हुए दूसरे राज्य पश्चिम बंगाल बड़े ट्रक के मार्फत अन्य शहरों में भेजा जाता है। बरलंगा थानेदार के समक्ष बड़ी चुनौती हाल ही में बरलंगा थाना प्रभारी के रूप अनन्त कुमार सिंह ने योगदान दिया है। इनके समक्ष अवैध कोयला का कारोबार को रोकना बड़ी चुनौती है।

### हुप्पु में मंडा पुजा को लेकर किया गया लोटन सेवा



**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र के हुप्पु में मंडा पुजा को लेकर लोटन सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवभक्त श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ तपती गर्मी में लोटन सेवा किया गया। इस अवसर पर रात्रि के समय प.बंगाल से आए कलाकारों के द्वारा आकर्षक तरीके से छऊ नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। हुप्पु पंचायत के मुखिया ने बताया कि इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि गोला प्रमुख गीता देवी तथा गोला(पश्चिम) जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी होंगी।

## शहर >> अपडेट

### वरिष्ठ अधिवक्ता रंजन कुमार विश्वकर्मा के निधन पर विधायक ने जताया शोक

**हजारीबाग** : हजारीबाग शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता सह सफल व्यवसाई रहें रंजन कुमार विश्वकर्मा (उम्र करीब 60 साल) अब हमारे बीच नहीं रहें। 90 के दशक में शहर के कांग्रेस ऑफिस रोड़ में इनका एमपी कॉन्प्लेक्स का निर्माण हुआ था जिसमें उन्होंने होटल ग्रीन पार्क खोला था। उस समय ये होटल शहर का सबसे लक्जरी होटल हुआ करता था। रंजन विश्वकर्मा पालतू कुत्तों के बहुत शौकीन थे। इन्हें अपने कुत्तों से बेहद प्यार था।

## सिटी अपडेट्स >>

### डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा का हुआ अनावरण

**इचाक** : इचाक संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा का अनावरण अंबेडकर नगर ईचाक में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेमधारी राम व संचालन अशोक कुमार दास व प्रो भागवत राम ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रम एवम् नियोजन मंत्री स्त्यानंद भोक्ता जबकि विशिष्ट अतिथि के बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, सिमरिया विधायक किशुन दास, जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, अपर समाहर्ता राकेश रौशन, कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता शामिल हुए। अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान पुराना पंचायत मुखिया किरण देवी और समाज सेवी रवि शंकर उर्फ भोला ने अतिथियों को अंग वस्त्र दे कर एवम माल्यार्पण कर स्वागत किया। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि अशिक्षा ही गरीबी और बेरोजगारी का मूल कारण है। बाबा साहेब ने हमेशा संगठन और शिक्षा को सफल जीवन का महत्वपूर्ण हथियार बताया।विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति से ही एक सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र की परिकल्पना किया जा सकता है। विधायक किशुन दास ने कहा कि बाबा साहेब ने ऐसे समय में संविधान लिखा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अंबेडकर कुल 09 भाषाओं के जानकार थे

**बड़कागांव** : बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में उरउ सेंटर का उद्घाटन , सेवानिवृत्त कर्मचारियों लाइब्रेरियन नागेश्वर महतो एवं लिपिक राजेन्द्र कुमार का विदाई समारोह एवं पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अन्याय से लड़ते हुए आपकी मौत हो जाती है , तो आपकी आने वाली पीढ़ियां उसका बदला अवश्य लेगी , किंतु अन्याय सहते सहते आप मर जाओगे तो आने वाली पीढ़ियां भी गुलाम ही बनी रहेगी । विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के सचिव सह पूर्व प्रमुख टूकेश्वर प्रसाद ने कहा कि बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 ई. मध्यप्रदेश के इंदौर शहर के एक छोटे से गांव महू ग्राम में एक दलित परिवार में हुआ था । बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके शब्दों को दोहराते हुए कहा कि ₹जो धर्म जन्म से एक को श्रेष्ठ और दूसरे को नीच बताएं वह धर्म नहीं , गुलाम बनाए रखने का षड्यंत्र है। ₹ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि इनका बचपन बहुत ही मुश्किलों में व्यतीत हुआ था, बाबासाहेब आंबेडकर सहित सभी निम्न जाति के लोगों को सामाजिक बहिष्कार, अपमान
और भेदभाव का सामना करना पड़ता था। जिससे इनकी जीवन चुनौतीपूर्ण था और बहुत ही संघर्षपूर्ण रहा। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कुल 09 भाषाओं के जानकार थे । इन्हें बोधिसत्व एवं भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

---

**कार्यक्रम** एनटीपीसी से 20 महिला एवं युवतियों को प्रशिक्षण बुधवार को समापन किया गया

# 1500 प्रोत्साहन राशि दिया गया

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (खनन आईटीआई) में परियोजना प्रभावित 20 महिलाओं एवं युवतियों का औद्योगिक सिलाई प्रशिक्षण बुधवार को पूर्ण हुआ। इस कार्यक्रम के तहत आईटीआई बडकागांव में एनटीपीसी की कोयला खनन परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों/स्थानीय ग्रामीणों को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण मिल रहा है। ऐसे ही औद्योगिक सिलाई प्रशिक्षण दिनांक 12 जनवरी को आरंभ हुआ था। इस प्रशिक्षण के साथ महिलाओं को 1500 रू प्रति महीना का प्रोत्साहन राशि भी मिला था।अब प्रशिक्षण के बाद सभी 20 महिलाओं को एक कंपनी द्वारा ऑफर लेटर भी दिया गया है। आईटीआई बडकागांव द्वारा भी महिलाओं को सर्टिफिकेट भी दिया गया जिससे सभी महिलाएं आगे भी किसी दूसरी कंपनी में भी आवेदन क्र सकती है। केरेडारी परियोजना के सिकरी कार्यालय के सभाकक्ष में महाप्रबंधक (केरेडारी) फैज तैय्यब नें कौशल विकास कार्यक्रम का उन्मुखीकरण सत्र से आरंभ किया था और कहा था कि परियोजना स्वावलंबन व स्व रोजगार को हमेशा से ही बढ़ावा देती है। इस कौशल विकास ट्रैनिंग से महिलाओं को आज कंपनी द्वारा रोजगार एक सुनहरा अवसर दिया है। अपने वादे को पूरा करते हुए फैज तैय्यब ने महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी महिलाएं आगे बढ़े, रोजगार कमाए और अपनी आजीविका बढ़ाएं तथा सुंदर और स्वस्थ रहकर परिवार का पालन पोषण करें। परियोजना के अपर महाप्रबंधक श्री एस पी गुप्ता ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी 20 विस्थापित महिलाओं को कंपनी द्वारा ऑफर लेटर मिलने से महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी। सभी महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिकल ज्ञान दिया गया है इससे किसी भी महिला को फिल्ड में कार्य करनें में कठिनाई भी नही होगी ।

इस अवसर पर परियोजना के अपर-महाप्रबंधक एस पी गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक आशिश कुल्लु, मुकेश चौधरी, एवं पकरी बरवाडीह परियोजना से कमला राम रजक एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।




# बढ़ते तापमान ने सरकारी स्कूलों के बच्चों की सूखा दी है हलक

▶▶ 4 करोड़ से सौ - सौ विद्यालय व आंगनवाड़ी केंद्रों में दुरुस्त होगी जल की व्यवस्था

राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज:** अप्रैल माह की गर्मी के बढ़ते तापमान ने जिले के सरकारी स्कूलों के बच्चों की हलक सुखा दी है। पानी के अभाव में कई सरकारी स्कूलों के बच्चे पानी पानी हो रहे हैं। दरअसल गर्मी के बढ़ते पारा से भूगर्भ जल का जलस्तर काफी नीचे चला गया है।

ऐसे में मिडिल स्कूल पुलिस लाइन समेत जिले में दर्जनों स्कूलों में लगे चापा नल या बोरिंग की व्यवस्था फेल हो गई है। जिन स्कूलों में चापा नल या बोरिंग 60 फीट की गई है, वहां लगे पानी की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। ऐसे में इन स्कूलों के बच्चों को पेयजल के लिए काफी परेशानी हो रही है। इं स्कूलों के बच्चे को या तो बोतल में अपने घर से पानी लाना पड़ रहा है, यह फिर पेयजल के लिए स्कूल के बाहर इधर-उधर चक्कर लगाना पड़ रहा है। वही सबसे अधिक परेशानी एमडीएम को लेकर हो रही है। कई स्कूलों में एमडीएम संचालित करने के लिए बंद डिब्बों का पानी खरीदना पड़ रहा है। मिडिल स्कूल पुलिस लाइन के बच्चों और रसोईया ने बताया कि पिछले तकरीबन 20-25 दिन से पानी के लिए लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्कूल के प्रधानाध्यापक रविंद्र झा ने बताया कि पानी का जलस्तर नीचे जाने से उनके स्कूल में लगे चापा नल और बोरिंग की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। ऐसे में बच्चों को पीने के लिए और एमडीएम संचालित करने के लिए प्रतिदिन बंद डिब्बे की पानी उनलोगों को खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना विभाग के वरीय पदाधिकारियों को दी गई है, लेकिन तत्काल कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है।



# बड़कागांव के 23 पंचायतों में निकली शोभायात्रा



राष्ट्रीय खबर

बड़कागांव : - बड़कागांव प्रखंड में 13 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की रथ यात्रा निकाली गई. अधिकांश युवक ब्लू वेशभूषा में रथ के साथ अपने-अपने मोटरसाइकिल से प्रखंड के 23 पंचायतों में जागरूकता के लिए शोभायात्रा निकाला. रथ यात्रा एव शोभायात्रा बड़कागांव चौक स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा स्थल से शुरू की गई . 14 अप्रैल को बड़कागांव के आदर्श मध्य विद्यालय के पास आदमकद प्रतिमा स्थल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी. रथ यात्रा एवं शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष रघुनाथ राम सचिव लखींद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष कृष्णा राम आर्ट, मनोरंजन मंत्री अजीत कुमार रवि, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, पूर्व पंसस राजीव रंजन, रामेश्वर राम, चंदन गुरु ,संजय कुमार रवि ,सुरेंद्र राम ,रवि कुमार, जीत कुमार , रोशन मेहरा ,निरंजन राम ,जीतू राम, संतोष राम, वीरेंद्र कुमार दास ,चिरंजीवी शेखर ,शंभू रविदास ,धर्मेंद्र रविदास ,रामचंद्र राम ,छोटू राम ,राजू कुमार, जितेंद्र कुमार रवि समेत अन्य लोग शामिल हुए. बड़कागांव सोनबरसा ,सिंदवारी, सिकरी,साँढ़, पिपराडीह, नया टाँड़, चोपदार बलिया, नापोखुर्द, नापोकलां, महुगाई,चन्दोल,आंगो, जरजरा, गरसूला, आदि गांव में निकाली गई।

# भारतीय समाज के कार्ल मार्क्स थे डॉ. अंबेडकर :डॉ. बीपी सिंह

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग विभाग में गुरुवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवन और दर्शन पर सेमिनार का आयोजन किया गया। राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब की भूमिका के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राजनीति विज्ञान के अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष डॉ बालेश्वर प्रसाद सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि भारतीय समाज के कार्य मार्क्स के रूप में बाबा साहब की चर्चा होती है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व में गजब का आकर्षण था जिसके प्रकाश में पूरा देश अभी तक प्रकाशित हो रहा है। डॉक्टर साहब की सामाजिक न्याय की अवधारणा अतुलनीय थी जो सामाजिक समरसता का संदेश देता है।

डॉ सिंह ने कहा कि बाबा साहब पाखंड के घोर विरोधी थे और जाति विहीन समाज के समर्थक थे। उनकी विचारधारा राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को अखंड और सशक्त करती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ0 सुकल्याण मोइत्रा ने कहा कि सामाजिक संतुलन बनाए रखने में बाबा साहब की विचारधारा हमेशा शास्वत रहेगी। पूर्व विभाग विभागाध्यक्ष डॉ अजीत कुमार पाठक ने कहा कि बाबा साहब दलितों के उद्धार के लिए कई आंदोलन चलाए जो देश के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित हुआ।

सेमिनार में पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ0 रीता कुमारी ,डॉ0 प्रमोद कुमार ,डॉ0 अजय बहादुर सिंह, श्वेता कुमारी ,अमित कुमार समेत कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अजय बहादुर सिंह ने किया। मौके पर रुखसाना, शक्ति, धर्मेंद्र ,महेंद्र पंडित समेत सेमेस्टर 2 और 4 के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मेरु निवासी भरत प्रसाद के आवास और एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र में ईडी की छापामारी

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :**--हजारीबाग शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित मेरु में ईडी ने भरत प्रसाद पिता स्व मंगल प्रसाद के घर गुरुवार सुबह 7 बजे छापामारी अभियान शुरू कर दिया। यह खबर पूरे मेरु में आग की तरह फैल गई और दूर-दूर से लोग भरत प्रसाद के घर पहुंच गए। दोपहर 1:45 बजे तक छापामारी दल घर के अंदर पारिवारिक सदस्यों से पूछताछ कर रही थी। छापामारी दल में 5 से 6 ईडी के अधिकारी शामिल है। ईडी के टीम करीब सुबह 7 बजे मेरु पहुंची, सबसे पहले छापामारी दल के 2 सदस्य मेरु स्थित भरत प्रसाद के घर का लोकेशन की एकत्र स्थानीय लोगों से लिया। जब ईडी के सदस्यो को लोकेशन कंफर्म होने के बाद टीम के अन्य चार सदस्य सहित सीआरपीएफ के जवान घर को घेर लिया। छापामारी के दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति को घर के अंदर और घर के सदस्य को बाहर जाने की इजाजत नहीं था।



### भरत प्रसाद अयोध्या गए है।

छापामारी के समय भरत प्रसाद घर पर मौजूद नहीं थे। वे अयोध्या तीर्थ के लिए गए हुए हैं। ईडी ने भरत प्रसाद से कई बिंदुओं पर मोबाईल से बात की है।

### कौन है भरत प्रसाद।

जानकारी के अनुसार भरत प्रसाद वर्तमान समय में एसबीआई बैंक मेरु का सीएससी केंद्र चलाते हैं। उस सीएससी सेंटर में जमीन का मोटेशन सहित कई अन्य कार्य भी किए जाते थे। इससे पहले ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय के अलावा कोयला के धंधे से भी जुड़े रहे हैं। अपुष्ट रांची में कुछ जमीन की खरीदारी और खाता खोलने की बात भी सामने आ रही है।

## न्यूज फटाफट

### प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर हुए विधायक सुधार करने की कही बात

**इचाक** : इचाक प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने मुखार हुए। प्रखंड पदाधिकारी रिंकू कुमारी से बात करते हुए कहां की प्रखंड में लगातार शिकायतें मिल रही है कि भ्रष्टाचार चरम पर है बीपीओ राजीव कुमार आनंद मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं इसे सुधार किया जाए। नहीं तो कार्यकताओं के साथ अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे। वहीं दूसरी ओर अंचल पदाधिकारी मनोज कुमार महथा से बात करते हुए कहां की जितने भी मोटेशन एलपीसी का पेपर रुका हुआ है अति शीघ्र इसे निर्गत किया जाए। एवं पंजी टू का मामला जो भी है कि से शॉर्टवट करते हुए जो थाना में रखा है उसे लाकर अपने कार्यालय में संधारित करें। और जनता का सुविधा मुहैया कराए। पंचायत समिति सदस्य व सांसद प्रतिनिधि मुकेश उपाध्याय ने विधायक अमित कुमार यादव की बातों को मांगते हुए तत्काल पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत धरना पर बैठने का कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, पूर्व मुखिया निर्मल कुमार, पंचायत समिति सदस्य मुकेश उपाध्याय, दीपक गिरी, बृजेश सिन्हा, बाबू सोनी ,वशिष्ठ दास समय दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोटरसाइकिल डिक्की से दस हजार एवं अन्य कागजात की चोरी

**बड़कागांव** : बड़कागांव झारखंड ग्रामीण बैंक के पास खड़ा मोटरसाइकिल से दस हजार नगद, बैंक पासबुक, चेक बुक, आधार कार्ड सहित अन्य कागजात की चोरी की गई। भुक्तभोगी बड़कागांव प्रखंड के सोनबरसा गांव निवासी निर्मल साव द्वारा बड़कागांव थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि बैंक ऑफ इंडिया से पैसा निकासी कर झारखंड ग्रामीण बैंक के पास पैसा सहित सभी कागजात स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के डिक्की में रख कर डेली मार्केट में सब्जी खरीदने पति-पत्नी गए। सब्जी खरीद कर जब वापस आए तो डिक्की खुला हुआ देख खोजबीन करने लगे तो देखा गया कि डिक्की से पैसा एवं अन्य कागजात गायब है।

### आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई संपन्न



**बड़कागांव**: - बड़कागांव के खैरवा टिलहा (विधायक टोला) स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी सेविका ममता देवी के नेतृत्व में गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित की गई. सेविका ममता देवी द्वारा गर्भवती महिलाओं को बच्चे के जन्म की तैयारी सहित अपनी देखभाल करने की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में सेविका एवं मुख्य अतिथि मुख्य रंजीत मेहता द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गयी. कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं में से नेहा कुमारी, गीता देवी, प्रियंका कुमारी, पूनम देवी ,मालती देवी, बसंती देवी, एतवरिया देवी, सुनीता देवी को हरे साग सब्जी देकर गोद में दिया गया।

### पंचायत समिति सदस्य ने किया उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण



**पीरटांड़** : पीरटांड प्रखंड के खुखरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बहादुरपुर का पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया।इस दौरान पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक ने विद्यालय के रख-रखाव, पठन-पाठन आदि समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा की अब शिक्षा व्यवस्था के साथ कोई मनमानी नहीं चलने दी जायेगी। सभी पदस्थापित शिक्षक अपने डयूटी को निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें ,उन्होंने मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली। इसके साथ ही पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि विद्यालय में कोई भी समस्या हो तो उन्हें अवगत कराएं, संबंधित विभाग से बात कर उसे दूर की जाएगी।

### जेएमएम कार्यकताओं द्वारा शोक सभा का आयोजन



**पीरटांड़** : शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के बाद गुरुवार को पीरटांड़ में जेएमएम कार्यकताओं द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान जगन्नाथ महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई, मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।लोगो ने श्रद्धांजलि सभा में जगरनाथ महतो अमर रहे जैसे कई नारे लगाए एवं 2 मिनट मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।वही कार्यकताओं ने बताया कि इनके निधन से झारखंड की राजनीति को एक अपूरणीय क्षति हुई है। वही श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख सविता टुडू,उपप्रमुख महेंद्र प्रसाद,ताज हसन,नीलकंठ महतो, युवराज महतो, सहित कई कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

---

**धर्म** इस त्यौहार में सदियों से चली आ रही परंपरा का होता है निर्वहन

# आस्था, भक्ति और हैरतअंग्रेज कारनामों का संगम हैं चड़क (मंडा) पूजा

अशोक कुमार शर्मा

**हजारीबाग:** भक्ति, आस्था और लोगों के हैरतअंगेज कारनामे का संयुक्त प्रदर्शन चड़क पूजा में देखने को मिलता है। झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा राज्य के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में यहां की पौराणिक संस्कृति और सभ्यता की अमिट झलक भी इस त्यौहार में देखने को मिलती है। अलग-अलग क्षेत्र में लोग अलग- अलग नाम से इस त्यौहार को जानते हैं। कहीं भोक्ता पर्व, कहीं मंडा तो कहीं चड़क मंडा पूजा के नाम से इसे जाना जाता है। भगवान भोले शंकर इस पर्व में मुख्य आराध्य देवता होते हैं, जिनकी लोग बड़े ही भक्ति भाव से लीन होकर पूजा- अर्चना करते हैं। और कई घंटे तक निर्जला उपवास में रहकर अपने पीठ में हंसते- गाते सुई की कील भौंकवाकर उसमें रस्सी के सहारे करीब 30- 35 फीट ऊंचे लकड़ी के बने विशेष तरह के खुट्टे के सहारे ऊपर में घूमकर अपनी परीक्षा और ईश्वर भक्ति का अद्भुत प्रदर्शन करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई मायने में इस त्यौहार को अहम माना जाता है। कहीं-कहीं तो धधकते अंगारों में भी भक्त चलकर अपनी भक्ति की अग्नि परीक्षा देते हैं। इसी त्यौहार के बाद लोग नए पत्ते और नए फल को साल में पहली बार अपना निवाला भी बनाना शुरू करते हैं। अनेक क्षेत्रों में इस दौरान भक्तों की हैरतअंगेज कारनामे को देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ जुटती है। भक्त अपने पीठ, चीभ, गला, पैर आदि में कील भौंकवाकर भी एक दवाई तक नहीं लेते और जल्द ही सबकुछ ठीक हो जाता है। इस त्यौहार में बड़ा ही कठिन व्रत होता है और व्रत के दौरान पूरी तरह सागदी और सात्विक होकर कई कठोर नियमों का पालन भी करना होता है । झारखण्ड के बोकारो, धनबाद, रामगढ़, हजारीबाग, सरायकेला-खरसावां, खूंटी और रांची सहित कई क्षेत्रों में चैत्र माह में होता है। इसी प्रकार पश्चिम बंगाल और उड़िया सहित अन्य राज्यों के ग्रामीण इलाकें में भी इस त्यौहार की परंपरा का निर्वहन किया जाता है ।





